## खास-खबरें

### अन्नपूर्णा रसोई घर में चोरी

**गंजबासौदा।** गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन तैयार करने वाली माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के परिसर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाद्य सामग्री और गैस सिलेंडर ले जाने का मामला सामने आया है। समिति के कार्यकर्ता मूलचंद कुशवाह ने मामले की शिकायत थाना शहर में आवेदन देकर की है।पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार मूलचंद कुशवाह, निवासी राजेंद्र नगर रोड, डिडौली मंदिर के पीछे, अन्नपूर्णा सेवा समिति में कार्यकर्ता हैं। समिति का कार्यालय फ्रिगंज क्षेत्र में सिद्धेश्वरी मंदिर के पास स्थित है, जहां गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन तैयार कर शहर प्रतिदिन निशुल्क वितरित किया जाता है। कुशवाह ने बताया कि 30 अगस्त को शाम करीब 4 बजे वे भोजन बनवाने के लिए समिति परिसर पहुंचे। वहां पहुंचने पर देखा कि आटा, एक भरा हुआ गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान गायब था। समिति के कार्यकर्ता के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सामान ले जाया गया है। मामले को लेकर उन्होंने शहर थाना प्रभारी को आवेदन देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जांच कर सामान बरामद करने और उचित कार्रवाई की मांग की है। गरीबों के लिए भोजन तैयार करने वाली व्यवस्था से सामग्री गायब होने की घटना से समिति से जुड़े लोगों में चिंता है।

### दर्जनों मवेशी घूम रहे हैं नगर के चौक चौराहों पर, दुर्घटना की आशंका

**गंजबासौदा।** नगर का कोई भी चौराहा ऐसा नहीं है जहां मवेशियों के झुंड विचरण न कर रहे हों खास तौर पर स्टेशन से लेकर सावरकर चौक तक मवेशियों के झुंड के झुंड बैठे रहते हैं कई मर्तबा मवेशी एक दूसरे के पीछे आक्रमक होकर दौड़ लगाते हैं इस संबंध में जागरूक नागरिकों का कहना है कि दूरगामी क्षेत्रों में बनी गौशालाएं रिक्त पड़ी रहती हैं और वहां तक मवेशी नहीं पहुंचाए जाते शहर के करीब करीब स्थित गौशालाओं में क्षमता से अधिक मवेशी हो चुके रहते हैं और उन्हीं की गणना करके प्रशासन के नुमान्दे यह जाहिर करते रहते हैं कि गौशालाओं में जगह नहीं है लेकिन वह दूर दराज अंचलों की गौशालाओं का निरीक्षण किए बिना ही यह गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य जारी कर देते हैं कि गौशालाओं में जगह खाली नहीं है बेहतर होगा की दूरदराज अंचलों की गौशालाओं का निरीक्षण किया जाए उनकी क्षमताओं अनुसार उनमें विचरण कर रहे हैं मवेशियों को पहुंचाया जाए सी सी टीबी देखें स्थिति साफ हो जावेगी। क्षेत्र की बड़ी-बड़ी ग्राम पंचायत में गौशालाएं खोलने की व्यवस्था भी प्रशासन को करना चाहिए जिससे आवारा मवेशियों का स्थाई बंदोबस्त हो सके और इस समस्या का समाधान हो सके।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान में आबकारी विभाग ने 87 पाव देशी मदिरा की जब्त, प्रकरण किए दर्ज

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान जारी है। अभियान के अंतर्गत वृत्त कुरवाई में आबकारी विभाग जिला विदिशा की संयुक्त दबिश टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों में कार्रवाई करते हुए कुल 87 पाव अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7,500 रु. है। आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रकरण कायम किए गए।

### अमित श्रीवास्तव बने जिला प्रभारी

**विदिशा ( निप्र )।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, जिला प्रभारी सीताराम यादव तथा विधायक मुकेष टण्डन की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष महाराजसिंह दांगी ने अमित श्रीवास्तव को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का जिला प्रभारी मनोनीत किया है।

### बेतवा के बड़बाला घाट पर होगी 125वीं महागंगा आरती आज

**विदिशा ( निप्र )।** जिला माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति द्वारा बेतवा के बडबाला घाट स्थित माँ वैत्रवतीपुरम के सौजन्य से आज मंगलवार 1 सितम्बर को 125वीं महागंगा आरती होगी। आयोजन समिति के मानसेवी सचिव बेतवा पुत्र भजन गायक पं. मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि विगत 17 वर्षों से भोजपुर में माँ बेतवाजी और माँ नर्मदाजी के संगम और भोजपुर से लेकर विदिशा तक मशीनों द्वारा बेतवाजी के गहरीकरण के उद्देश्य से शासन-प्रशासन, जनमानस ओर जनप्रतिनिधियों को जागृत करने एक-एक दिन की गणना के साथ जारी माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के 6251 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक 50 दिन बाद की जाने वाली महागंगा आरतियों की श्रृंखला में आज 1 सितम्बर मंगलवार को गौधूली बेला में सांयकाल 6.30 बजे बडबाला घाट पर माँ वैत्रवती गंगा की 125 वी महागंगा आरती होगी। इस अवसर पर समिति के संरक्षक अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण दण्डोतिया, समिति के संचालक चरणसिंह लोधी, सदस्य देवेंद्रसिंह रघुवंशी, प्रेमनारायण चिढार, हरिसिंह राजपूत, दातार सिंह रघुवंशी, राजू झा सहित समिति के आजीवन सदस्यों ने नगर-क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी सज्जनों, माताओं-बहिनों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ धर्म लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### मिर्जापुर सड़क दुर्घटना के बाद संबंधित यात्री बस का फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त

**विदिशा ( निप्र )।** समीपी मिर्जापुर में विगत दिवस बस के सड़क पर अनियंत्रित होकर पलटने और उसमें सवार अनेक यात्रियों के घायल होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने संबंधित यात्री बस के विरुद्ध कार्रवाई की है। बस क्रमांक एमएच11 सीएच 9788 के स्वामी राहुल कुमार जैन, पिता देवेन्द्र कुमार जैन, निवासी बनवार, तहसील जबेरा, जिला दमोह के नाम से जारी बस के उपयुक्तता (फिटनेस) प्रमाण-पत्र को निरस्त कर दिया गया है। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग ने घटना को यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक माना है।

# 17 मांगों को लेकर कॉलेज गेट पर दो घंटे तालाबंदी एबीवीपी ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** शासकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जोरदार प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कॉलेज के मुख्य द्वार पर करीब दो घंटे तक तालाबंदी कर धरना दिया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासन और शासन का ध्यान विभिन्न समस्याओं की ओर आकर्षित किया।



प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देश पर नायब तहसीलदार रामदास गोरले महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद एसडीएम के नाम 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि दो दिन के भीतर मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र-छात्राओं को साथ लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने नियमित कक्षाओं के संचालन और विषयवार पर्याप्त प्राध्यापकों की नियुक्ति की मांग उठाई। साथ ही पुस्तकालय में पर्याप्त पाठ्य एवं संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध कराने, छात्रवृत्ति और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए विद्यार्थी सहायता केंद्र शुरू करने की मांग की गई।

ज्ञापन में स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, नियमित सफाई, प्राथमिक उपचार सुविधा, कैंटीन और व्यवस्थित वाहन पार्किंग की व्यवस्था शामिल है। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और बाहरी एवं असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग भी की।

एबीवीपी ने विश्वविद्यालय पोर्टल सहित ऑनलाइन अभिलेखों में कॉलेज का नाम स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, भैरूंदा सही दर्ज करने की मांग उठाई। परिषद का कहना है कि नाम संबंधी विसंगति से प्रवेश, परीक्षा और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं में परेशानी हो सकती है। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि विद्यार्थियों की जायज मांगों के संबंध में कॉलेज प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और समस्याओं के जल्द निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# संकल्प वृद्धाश्रम में छह दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में छह दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी वृद्धाश्रम में जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान आश्रम परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की जाएगी। आगामी 4 सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर वृद्धाश्रम परिसर में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के साथ क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की सहभागिता से आयोजन को धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाने की तैयारी की जा रही है।

महोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके उपदेशों और मानव जीवन में प्रेम, करुणा, सद्भाव एवं सेवा के महत्व पर भी चर्चा की जाएगी। महोत्सव की तैयारियों के संबंध में संकल्प वृद्धाश्रम एवं संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज तथा सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट सहित अन्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

इस दौरान जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर चर्चा की गई और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। संचालक राहुल सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन के माध्यम से पूरी मानवता को प्रेम, सद्भाव, कर्म, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मनुष्य को धैर्य और विश्वास बनाए रखना चाहिए। उनके उपदेश आज भी समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 4 सितंबर को जन्माष्टमी का पर्व है।

# रक्षा बंधन का पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक :राठौर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** सोमवार को रक्षा बंधन का पर्व सामूहिक रूप से मनाया गया। नगर की विभिन्न वार्डों से आई महिलाओं और बालिकाओं ने नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और पार्षदों को राखी बांधी। इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष श्री राठौर, भाजपा नेताओं, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों के पार्षदों ने भी राखी बांधते हुए मुंह मीठा कराया।



इस मौके पर बड़ी संख्या आई बहनों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि शहर के विकास के साथ महिलाओं को सशक्त करने के लिए यह सामूहिक आयोजन हर साल की तरह इस साल भी नगर पालिका के द्वारा किया गया है। शहर की बहन-बेटियों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। रक्षाबंधन का यह आयोजन इसी आत्मीय रिश्ते और विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने समग्र विकास का वादा करते हुए कहा कि मातृ शक्ति के स्वाभिमान और सम्मान के लिए काम करेंगे। सामूहिक रक्षाबंधन पर्व मनाने की परंपरा है।

भारत के अलावा किसी अन्य देश में परिवार और रिश्तों को इतना महत्व नहीं दिया जाता। कलाई में बंधी राखी की डोरी के कारण कई भाईयों ने अपनी बहनों की रक्षा के लिए प्राण तक त्याग दिए। रक्षा बंधन का पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य: इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि नगर पालिका के सभी पार्षद, हमारे अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्य करते आ रहे है। भाजपा सरकार की अनेक योजना लाडली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं से महिलाएं सशक्त हो रही है।

**रक्षा बंधन पर्व बना सद्भाव का प्रतीक :** शहर के विभिन्न वार्डों से सैकड़ों की संख्या में पहुंची महिलाओं ने रक्षा बंधन का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया, इस मौके पर मुस्लिम महिलाओं ने पार्षदों और नपाध्यक्ष श्री राठौर की कलाई पर राखी बांधी।

# पिपलिया स्टेशन विद्यालय में नई शाला प्रबंधन समिति गठित

## शांतिलाल लकुम अध्यक्ष और कलावती पाठक उपाध्यक्ष मनोनीत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर :** एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में शासन के नवीन दिशा-निर्देशों के तहत 27 अगस्त को शाला प्रबंधन समिति की 21 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर शांतिलाल लकुम और उपाध्यक्ष पद पर कलावती पाठक को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।



नई समिति में भारत सिंह सोनगरा, उपाध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी को संरक्षक बनाया गया। वहीं समाज सेविका दीपिका सोलंकी और स्थानीय पार्षद चेतना पोरवाल को समिति का मार्गदर्शक मनोनीत किया गया।

समिति में ललित कुमार सोलंकी, मुकेश पोरवाल, लक्ष्मी डांगी, निर्मल कुमार सुनार्थी, अंजुम शाह, जया जैन, मीनाक्षी मोड, श्यामलाल लकुम, जगदीश मेघवाल, स्वप्निल ओझा, भगवतीलाल गहलोत, पी.एल. चौहान, पंकज बामणिया, रमेश मालवीय और गोपाल कच्छावा सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति के पदेन सचिव बी.आर. सिसोदिया ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को शासन के नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने संस्था हित, छात्र हित और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया तथा सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नवगठित समिति के सदस्यों का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक निर्मल कुमार सुनार्थी ने किया। समिति सदस्य मेजर गोपाल कच्छावा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि समिति विद्यालय और विद्यार्थियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने विभिन्न दुकानों से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विदिशा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिठाई, किराना एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस टीम ने रामजी मिठाईवाला राजीव नगर विदिशा, राजस्थान स्वीट्स ढीलखेड़ी चौराहा, जैन स्वीट्स एण्ड कन्फेक्शनरी श्रीरामलीला चौराहा तथा गोलू टी स्टॉल एण्ड रेस्टोरेंट ग्राम लश्करपुर का निरीक्षण किया।



त्यौहारों के दौरान बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों, विशेषकर मावा एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विदिशा बस स्टैंड पर आने वाली बसों की भी सघन जाँच की गई। बस संचालकों एवं संबंधित लोगों को निर्देश दिए गए कि यदि बाहर से मावा आने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें। उधर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कुदसिया खान द्वारा तहसील गंजबासौदा क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीट्स गंगा होटल से मावा बर्फी, अखरोट बर्फी, मलाई लड्डू एवं सोनपापड़ी के नमूने लिए गए। इसी प्रकार मारवाड़ी होटल एंड रेस्टोरेंट से पनीर, मलाई बर्फी, बेसन नुक्ती, घी एवं सेव के नमूने जांच के लिए संकलित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तहसील लटेरी के मिठाई एवं किराना प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान रौनक किराना, लटेरी से आकाश सोनपपड़ी, बेसन, नाकोड़ा बेसन लड्डू एवं आकाश नमकीन के नमूने लिए गए। इसी प्रकार मां अंबे श्री स्वीट्स, आनंदपुर से मावा बर्फी का नमूना लिया गया। विवेक ट्रेडर्स, आनंदपुर से पतंजलि घी, सोयाबीन तेल, किशमिश, कुकिंग मीडियम, रवा एवं मैदा के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किए गए।

### निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सायर मिला बंद

**विदिशा ( निप्र )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सायर का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र बंद पाया गया। सीएमएचओ ने वहां पदस्थ चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की कार्य के प्रति लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की और पदस्थ सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# संबल योजना के लंबित मामलों पर कलेक्टर नाराज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की समीक्षा के दौरान लंबित आवेदनों का निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर बालागुरू के. ने नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रम अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर श्रम अधिकारी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबल योजना से संबंधित सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि संबल योजना के हितग्राही मुख्य रूप से श्रमिक वर्ग से जुड़े होते हैं, जिन्हें शासन की सहायता की बहुत आवश्यकता होती है। ऐसे में पात्र हितग्राहियों के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिले और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें और निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए श्रमिक परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाती मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर गिरिराज सिंह परिहार सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा पूरी होने तक विवाह नहीं करें : न्यायाधीश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेली :** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार तथा तहसील विधिक सेवा समिति बरेली के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सोमवार को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का नेतृत्व व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री ललित कुमार मईड़ा एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सुश्री अंकिता नागर ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं को विधिक साक्षरता, किशोर न्याय, बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। न्यायाधीश ललित कुमार मईड़ा ने छात्राओं को संविधान में प्रदत्त मौलिक एवं संवैधानिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारों का उपयोग करते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी दूसरे व्यक्ति के अधिकारों का हनन न हो। विधिक साक्षरता ही सशक्त समाज और सशक्त भारत की नींव है। न्यायाधीश अंकिता नागर ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार, बाल विवाह की कानूनी उम्र, आत्मरक्षा के उपाय एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी सरल भाषा में दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न के खिलाफ चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसकी जानकारी परिवार और संबंधित अधिकारियों को देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी एवं निजी जानकारी किसी से साझा न करने तथा डिजिटल फ्रॉड से सावधान रहने की सलाह दी। छात्राओं को प्रेरित करते हुए न्यायाधीश अंकिता नागर ने कहा, 'शिक्षा जीवन का आधार है, शिक्षा के बिना कोई उद्धार नहीं है।

# सीप नदी में युवक डूबा, 8 घंटे से एसडीआरएफ का सर्चिंग अभियान जारी

## भाई ने बचाने के लिए नदी में लगाई छलांग, लेकिन गहरे पानी में पहुंचने से नहीं बचा सका, स्थानीय गोताखोरों ने भी तीन घंटे तक की तलाश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** वचसथाना भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम गिल्लोर में सोमवार सुबह सीप नदी में एक 28 वर्षीय युवक के डूबने से हड़कंप मच गया। युवक नदी के गहरे पानी में चला गया, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने नदी में सर्चिंग अभियान शुरू किया, जो देर शाम तक करीब आठ घंटे से लगातार जारी था। हालांकि देर शाम तक युवक का पता नहीं चल सका था।पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत गिल्लोर निवासी नीरज पिता बासुदेव परते (28) सोमवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी दौरान वह गांव के पास बह रही सीप नदी की ओर पहुंचा और नदी में चला गया। नीरज के नदी में जाने की जानकारी मिलते ही उसके भाई धीरज परते ने उसे बचाने के लिए



तत्काल नदी में छलांग लगा दी। धीरज के मुताबिक उसने भाई को पानी में जाते देखा था और उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नीरज तब तक नदी के गहरे हिस्से में पहुंच चुका था। काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चल सका।

मिलने के बाद स्थानीय गोताखोर भी मौके पर पहुंचे। गोताखोरों ने करीब तीन घंटे तक नदी में युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद एसडीआरएफ टीम ने सर्चिंग अभियान की कमान संभाली।गांव में चल रहा था रसोई का कार्यक्रम, बाद में मिली घटना की जानकारी परिजनों ने बताया कि सोमवार को गांव में उनके घर के पास रसोई का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने परिवार को जानकारी दी कि एक युवक नदी में चला गया है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग नदी की ओर पहुंचे, लेकिन तब तक नीरज गहरे पानी में जा चुका था।घटना की जानकारी फैलते ही नदी किनारे ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजन युवक के मिलने की उम्मीद में काफी देर तक नदी किनारे मौजूद रहे।पिता बोले- कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था बेटा नीरज के पिता बासुदेव परते ने बताया कि उनका बेटा नीरज पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था और ठीक से सो भी नहीं रहा था। पिता के अनुसार दो दिन पहले ही वे नीरज को उपचार के लिए एक व्यक्ति के पास लेकर गए थे। सोमवार सुबह वह अचानक घर से निकल गया। परिवार के लोगों को बाद में उसके नदी की ओर जाने की जानकारी मिली।20 फीट पानी की गहराई के बीच तलाश घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घनश्याम दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल एसडीआरएफ को सूचना दी। टीम के जवानों ने मौके पर पहुंचकर नदी में सर्चिंग शुरू की। नदी में करीब 20 फीट पानी की गहराई को देखते हुए सर्चिंग में टीम को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एसडीआरएफ के जवानों ने नदी के संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की। देर शाम तक करीब आठ घंटे की सर्चिंग के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका था। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार अभियान में जुटी रही।